# किलनी नियंत्रण के लिए "वन हेल्थ" दृष्टिकोण

राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड

## किलनी नियंत्रण क्यों आवश्यक है?

- ☑ किलनी एनाप्लास्मोसिस, थिलेरियोसिस और बेबेसिओसिस जैसी बीमारियाँ फैलाते हैं जो घातक हो सकती हैं।
- ☑ अधिक संक्रमण से एनीमिया, कमज़ोर प्रतिरक्षा और उत्पादन में भारी कमी हो सकती है।
- ☑ किलनी के काटने से होने वाली एलर्जी अधिक परेशानी का कारण बनती है।
- ☑ प्रत्येक किलनी बड़ी संख्या में अंडे देता है, जिनका पनपने के बाद नियंत्रण मुश्किल हो जाता है।
- ☑ यह मनुष्यों को भी संक्रमित कर सकता है जिससे क्रीमियन कांगो हेमरेजिक फीवर (CCHF) जैसी गंभीर किलनी-जनित बीमारियाँ हो सकती हैं।

## गोवंशीय किलनी जीवन चक्र और नियंत्रण बिंदु

यह पशु पर पनपते है और निम्फ के रूप में विकसित होते है



### नियंत्रण बिंदु:

- विशेषकर गर्म और नम महीनों में, गर्दन, थन और पेरिनियल भागों पर हाथ फेरकर पशुओं की नियमित रूप से जाँच करें



निम्फ लगभग 3 सप्ताह तक खून पीता है और फिर अंडे देने के लिए नीचे गिरता है और नष्ट हो जाता है।

### नियंत्रण बिंदु:

- देसी मुर्गियाँ पालें जो किलनी खा सकें।
- पशु और परिसर को नियमित रूप से किलनी मुक्त करें।
- नए खरीदे गए पशु को झुंड में शामिल करने से पहले किलनी मुक्त करें।
- किलनी की प्रतिरोधकता से बचने के लिए विभिन्न किलनीनाशक के साथ वैकल्पिक उपचार / ईवीएम का प्रयोग करें।



प्रत्येक फूली हुई किलनी लगभग 3000 अंडे दे सकती है।

### नियंत्रण बिंदु:

- पशु और परिसर को नियमित रूप से किलनी मुक्त करें।



अंडे फूटने के बाद, लार्वा घास की नोकों पर चढ़कर इकट्ठा होते हैं।

### नियंत्रण बिंदु:

- अधिक संक्रामक चरागाहों से बचें।
- चराई का स्थान बदलें।

## आर्थिक प्रभाव

### किलनी नियंत्रण न करने से

- वजन में कमी
- प्रतिरक्षा में कमी
- टीकाकरण की विफलता
- किलनी जनित रोगों (बेबेसिया, थेलेरिया, एनाप्लाज्मा) के कारण उच्च मृत्यु दर का जोखिम
- उत्पादन में कमी
- उपचार की उच्च लागत
- जूनोटिक जोखिम (जैसे, सीसीएचएफ)
- किलनी के काटने से त्वचा की एलर्जी
- पशु की कष्टपूर्ण स्थिति
- आस-पास के फार्म में संक्रमण का संभावित स्रोत

### किलनी नियंत्रण करने से

- ☑ बेहतर चारा पाचन
- ☑ बेहतर प्रतिरक्षा और स्वास्थ्य
- ☑ किलनी-जनित रोगों के जोखिम में कमी
- ☑ उत्पादन में वृद्धि
- ☑ उपचार पर खर्च में कमी
- ☑ जूनोटिक जोखिम में कमी
- ☑ पशु की आरामदायक स्थिति

## किलनी नियंत्रण आज ही शुरू करें!

यूट्यूब पर वीडियो देखने के लिए इस QR कोड को स्कैन करें।